राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने बड़वी में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास देखा

जयपुर/बांसवाडा, 20 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को बांसवाडा जिले के ग्राम बड़वी में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्मित आवास को देखा तथा इसके बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली।

उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए ग्रामीण विकास गतिविधियों, योजनाओं और सुविधाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान् ग्राम्य जनजीवन, रहन—सहन, केन्द्र एवं राज्य सरकार की सुविधाओं, सेवाओं तथा क्षेत्र के वर्तमान हालातों पर जानकारी ली। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने राज्यपाल से चर्चा करते हुए आवास के लिए मिली किश्तों के बारे में बताया और कहा आवास का लाभ हमें मिला है।

———